भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1780 का उत्तर

थावे से दिल्ली तक सुपर फास्ट ट्रेनों की कमी

1780. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेल मंत्रालय के कुछ अधिकारी निजी बस ऑपरेटरों के साथ मिलीभगत करके सुपर फास्ट ट्रेनें चलाने में बाधा डाल रहे हैं क्योंकि थावे जंक्शन से नई दिल्ली जंक्शन तक सुपर फास्ट ट्रेनें उपलब्ध न होने के कारण 150 से अधिक बसें बिहार के गोपालगंज जिले से होकर चल रहीं/गुजर रहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि जिले के जनप्रतिनिधियों को नई दिल्ली आने के लिए सुपर फास्ट ट्रेन पकड़ने में बहुत कठिनाई हो रही है और इसके लिए उन्हें दूसरे जिलों की यात्रा करनी पड़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह सच है कि हितधारकों द्वारा बारंबार अनुस्मारकों के बावजूद, रेलवे ने थावे जंक्शन से नई दिल्ली तक सुपर फास्ट ट्रेन चलाने का कोई निर्णय नहीं लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में थावे स्टेशन 12 मेल/एक्सप्रेस रेल सेवाओं समेत कुल 34 नियमित रेल सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है जिनमें से वर्ष 2025-26 के दौरान थावे के यात्रियों की सुविधा हेतु निम्नलिखित रेल सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं:

1. 15133/15134 छपरा-आनंद विहार (टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) का थावे स्टेशन पर दिनांक 20.10.2025 से वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है।
2. 19045/19046 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस को दिनांक 29.09.2025 से थावे तक बढ़ाया गया है।

थावे स्टेशन पर वाणिज्यिक ठहराव के साथ दिनांक 12.12.2025 से 15135/15136 छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस की एक नई रेल सेवा आरंभ करने की अधिसूचना भी जारी की गई है।

वर्तमान में थावे स्टेशन दिल्ली, पटना, गोरखपुर, अहमदाबाद, सूरत, अमृतसर आदि प्रमुख गंतव्यों से जुड़ा हुआ है।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/रेलखंड पर नई गाड़ियों की सेवाएँ प्रारम्भ करना निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है:

- उस खंड की क्षमता,
- पथ की उपलब्धता,
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता,
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता,
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

*****